विजेताओं को पुरस्कृत करते डा. राजेश बग्गा, साथ अंहसान उल हक, सुधीर गेरा भी हैं।

'समर इंटर्नशिप में ए.पी.जे. इंस्टीच्यूट व इंडियन इंस्टीच्यूट, काशीपुर ने फहराया परचम'

जालंधर, 19 सितम्बर (विनीत): ए.पी.जे. इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमैंट एंड इंजीनियरिंग में राष्ट्रीय स्तर पर इंटर बिजनैस स्कूल- समर इंटर्नशिप प्रैजैंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें आई.आई.एम., मुंबई, इंटरनैशनल मैनेजमैंट इंस्टीच्यूट, नई दिल्ली, के.जे. सोमैय्या इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमैंट, मुंबई, वेलिंगकर इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमैंट, मुंबई, सी.एम.एस. बिजनैस स्कूल, जैन यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु, आई.आई.एम., काशीपुर, सिम्बायोसिस इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमैंट, नासिक व जयपुरिया इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमैंट, जयपुर ने अपनी भागीदारी दर्ज करवाई।

ए.पी.जे. इंस्टीच्यूट डा. राजेश बग्गा की अध्यक्षता में हुई उक्त प्रतियोगिता में अहसान उल हक व सुधीर गेरा बतौर निर्णायक शामिल हुई जिनके निर्णयानुसार विजेताओं की घोषणा की गई, जिसके तहत इंडियन मैनेजमैंट इंस्टीच्यूट, काशीपुर की शरयू बैंकर व ए.पी.जे. इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमैंट की तवप्रसाद कौर ने संयुक्त रुप से पहला स्थान हासिल किया, जबकि इंडियन मैनेजमैंट इंस्टीच्यूट, मुंबई के राकेश दसारी वेलिंगकर इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमैंट डिवैल्पमैंट एंड रिसर्च की मोनाली साहू ने दूसरा स्थान पाया।

डा. राजेश बग्गा सहित सहायक प्रो. डा. अजविंद्र ढिल्लों व गुरप्रीत सिंह ने विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए उन्हें उनकी उपलब्धि पर बधाई भी दी।